RNI Title-Code :- RAJBIL27027

www.nagaurdaily.com

Email. nagaurdaily0@gmail.com

# नागौर डेली न्यूज

नागौर, कुचामनसिटी, डीडवाना, मकराना, परबतसर, जायल मेड़तासिटी, खींवसर, डेगाना व नावां से एक साथ प्रकाशित

अहसास बदलाव का...

वर्षः 1 | अंक 317 | नागौर, 28 अक्टूबर, 2022 (शुक्रवार) | मूल्य 5 रुपया | पृष्ठ 4 | E-Edition

### राहुल गांधी ने केंद्र पर साधा निशाना

## भाजपा ने यूपीए के अच्छे कामों को बर्बाद कर दिया

नई दिल्ली।



जम्मू-कश्मीर के शोपियां से कई कश्मीरी पंडित परिवारों के कथित पलायन को लेकर कांग्रेस केंद्र सरकार पर हमलावर है। इसी कड़ी में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने ट्वीट कर केंद्र की भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। राहुल गांधी ने साफ तौर पर आरोप लगाया कि भाजपा ने यूपीए के अच्छे कामों को बर्बाद कर दिया। अपने ट्वीट में राहुल ने लिखा कि इस साल, कश्मीर में 30 टार्गेटिड किलिंग्स हो चुकी हैं। पंडितों का पलायन तेज़ी से बढ़ रहा है। इसे साथ ही उन्होंने कहा कि भाजपा ने यूपीए द्वारा किए गए अच्छे कामों को बर्बाद कर दिया है। कांग्रेस नेता ने कहा कि सत्ता में आने से पहले बड़ी-बड़ी बातें करने वाले क्रूसत्ता भोग रहे हैं और कश्मीरी पंडित अपने ही देश में शरणार्थी बने हुए हैं।

इससे पहले कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा था कि केंद्र को 'श्वेत पत्र' लाकर यह बताना चाहिए कि उसने कश्मीरी पंडितों की पीड़ा दूर करने के लिए क्या कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा था कि कश्मीरी पंडितों का लगातार पलायन हो रहा है। पिछले 10 महीने में 30 कश्मीरी पंडित मारे जा चुके हैं। शोपियां, जहां 32 साल से कश्मीरी पंडितों के परिवार रुके रहे, उन्हें भी वहां से निकलना पड़ा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मोदी सरकार अगर इसे सामान्य स्थिति कहती है तो उन्हें आंखें खोल लेनी चाहिए। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि मोदी सरकार कश्मीरी पंडितों की स्थिति पर श्वेत पत्र जारी करे, इस श्वेत पत्र में जो आपने किया और जो नहीं किया सब होना चाहिए। उन्होंने कहा कि 30 टार्गेट किलिंग पर प्रधानमंत्री को जवाब देना पड़ेगा।

पवन खेड़ा ने दावा किया कि मोदी सरकार में कश्मीरी पंडितों की कोई सुनवाई नहीं है। उन्होंने कहा कि पिछले 5 महीने में कश्मीरी पंडितों के 17 परिवार अपना घर छोड़ चुके हैं। दो दिन पहले ही 40 से 50 कश्मीरी पंडितों ने अपना घर छोड़ दिया, अपनी जमीन छोड़ दी। उन्होंने कहा कि इन हालातों से बेपरवाह क्रू मोदी कपड़े बदल बदलकर इवेंट रचा रहे हैं। मोदी सरकार में कश्मीरी पंडितों की कोई सुनवाई नहीं है। कश्मीर के संदर्भ में केंद्रीय मंत्री किरेन रिजीजू के एक लेख से जुड़े सवाल पर खेड़ा ने कहा कि 'व्हाट्सअप नर्सरी' वाले भाजपा के नेताओं को फिर से इतिहास का अध्ययन करना चाहिए।

## आजम खान को 3 साल की सजा

### हेट स्पीच मामले में रामपुर कोर्ट ने सुनाया फैसला, विधायकी पर खतरा

रामपुर।

हेट स्पीच के मामले में समाजवादी पार्टी (सपा) विधायक और पूर्व मंत्री आजम खान दोषी को 3 साल की सजा सुनाई गई है। यह सजा रामपुर की एमपी/एमएलए कोर्ट ने सुनाई। साथ ही उन पर 25 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। ऐसे में अब आजम खान की विधायकी पर संकट आ गया है। इस समय आजम खान रामपुर शहर विधानसभा से विधायक हैं।

दरअसल, आजम खान पर पिछले लोकसभा चुनाव के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी और तत्कालीन छ्रू रामपुर के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी करने का आरोप है। यह बयान उन्होंने थाना क्षेत्र मिलक में एक जनसभा में दिया था। 21 अक्टूबर को हुई पिछली सुनवाई के लिए आजम खान एमपी/एमएलए कोर्ट में पेशी पर नहीं पहुंचे थे, इसलिए इस मामले में अंतिम फैसला नहीं हो सका था। आजम खान कई मामलों में 27 महीने जेल में रहे, उन्हें इसी साल 20 मई 2022 को जमानत मिली थी।

#### 2019 में वीडियो मॉनिटरिंग टीम ने लिखवाया था मुकदमा

साल, 2019 में थाना मिलक में वीडियो मॉनिटरिंग टीम के प्रभारी अनिल कुमार चौहान प्रभारी ने हेट स्पीच मामले में मुकदमा दर्ज करवाया था। यह मामला एमपी/एमएलए कोर्ट/एसीजेएम प्रथम निशांत मान की कोर्ट में चल रहा था।

#### आजम खान पर 80 मुकदमे दर्ज थे, कुछ में जमानत मिली

आजम खान पर भाजपा सरकार के पिछले कार्यकाल में करीब 80 मुकदमे दर्ज किए गए थे। इनमें किसानों की जमीन जबरदस्ती हथियाने से लेकर किताबें चुराने, मारपीट करने, बकरी और भैंस चुराने तक के मुकदमे दर्ज किए गए थे। ज्यादातर मामलों में उनको जमानत मिल चुकी है। उनके ड्रीम प्रोजेक्ट जौहर यूनिवर्सिटी पर भी सवाल उठ रहे थे। आरोप है कि जौहर यूनिवर्सिटी बनाने के लिए आजम ने अपने रसूख का गलत इस्तेमाल किया है। आजम खान रामपुर विधानसभा सीट से 10 बार विधायक रहे चुके हैं।



**27 महीने तक जेल में रहे थे आजम**-कई अलग-अलग मामलों में सपा विधायक आजम खान 27 महीने तक जेल में रह चुके हैं। उन्हें 19 मई, 2022 को सुप्रीम कोर्ट ने अंतरिम जमानत दी थी। इसके बाद 20 मई की सुबह वह सीतापुर जिला जेल से रिहा हुए थे। उनकी रिहाई के दौरान उनके बेटे अब्दुल्ला आजम, अदीब आजम और शिवपाल यादव भी मौजूद थे।

## विजय वल्लभ सूरीश्वर जी महाराज की जयंती पर पीएम मोदी ने दी श्रद्धांजलि, कहा- आज के भारत का सामर्थ्य विश्व के लिए बड़ी उम्मीद बन रहा

**नई दिल्ली.** श्री विजय वल्लभ सूरीश्वर जी महाराज को उनकी जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत की पुरातन परंपरा, भारत का दर्शन और आज के भारत का सामर्थ्य विश्व के लिए बड़ी उम्मीद बन रहा है। आचार्य का दिखाया रास्ता जैन गुरूओं की सीख इन वैश्विक संकटों का समाधान है। शांति और सौहार्द के लिए उनका आग्रह विभाजन की विभीषिका के दौरान भी स्पष्ट रूप से दिखा। भारत विभाजन के कारण आचार्य श्री को चातुर्मास का व्रत भी तोड़ना पड़ा था। पीएम मोदी ने कहा कि आचार्य ने अपरिग्रह का जो रास्ता बताया, आजादी के आंदोलन में महात्मा गांधी ने भी उसे अपनाया। अपरिग्रह केवल त्याग नहीं है बल्कि हर प्रकार के मोह पर नियंत्रण रखना भी अपरिग्रह है। अपनी परंपरा, संस्कृति के लिए इमानदारी से कार्य करते हुए सबके कल्याण के लिए बेहतर काम किया जा सकता है। आज आचार्य श्री विजय वल्लभ सुरीश्वर जी को समर्पित स्मारक, डाक टिकट और सिक्के का विमोचन हुआ है, इसलिए मेरे लिए यह अवसर दोहरी खुशी लेकर आया है, स्मारक, डाक टिकट और सिक्के का विमोचन एक बहुत महत्वपूर्ण प्रयास है।

## राजस्थान कांग्रेस में जिलाध्यक्षों और ब्लॉक अध्यक्षों के नाम तय

### 30 से ज्यादा जिलाध्यक्ष और 400 ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति का प्रोसेस पूरा

जयपुर।



मल्लिकार्जुन खड़गे के कांग्रेस का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के साथ ही अब राजस्थान में जल्द ही नए जिलाध्यक्ष और ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त होंगे। राजस्थान में तमाम जिलों के शहर और देहात के जिलाध्यक्ष और हर ब्लॉक के अध्यक्ष नियुक्त किए जाएंगे। ये नाम तय हो चुके हैं। इन्हें लिफाफे में बंद कर इलेक्शन अथॉरिटी को भेजा जा चुका है। अब कांग्रेस के नए अध्यक्ष की अनुमति से इनकी घोषणा कर दी जाएगी। राजस्थान के 200 विधानसभा क्षेत्र के लिए दो-दो ब्लॉक अध्यक्षों के नाम तय किए गए हैं। इसके अलावा राजस्थान के 20 से ज्यादा जिलों के शहर और देहात के जिलाध्यक्षों के नाम भी तय कर लिए गए हैं। राजस्थान कांग्रेस का कहना है कि इन पदों के लिए सर्वसम्मति से निर्णय कर नाम फाइनल कर इलेक्शन अथॉरिटी को दे दिए हैं। अब अथॉरिटी इन नामों की घोषणा करेगी।

दावेदारों से मिले पर्यवेक्षक, डिस्कशन के बाद हुए तय-राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के दौरान पीसीसी सदस्य और डेलिगेट्स के चयन के दौरान ही प्रदेशभर से इन पदों पर नियुक्ति का प्रोसेस हो चुका है। हर जिले में जाकर जिलाध्यक्ष के लिए पर्यवेक्षकों ने संभावित दावेदारों से मुलाकात की और चर्चा की। इसके अलावा हर डिस्ट्रिक्ट कांग्रेस कमेटी के स्तर पर भी चर्चा की गई है। राजस्थान में फिलहाल 13 ही जिलाध्यक्ष नियुक्त हैं। प्रदेशभर में शहर देहात मिलाकर 30 से भी ज्यादा जिलाध्यक्षों की नियुक्ति फिलहाल होनी है।

#### पीसीसी चीफ का निर्णय कांग्रेस अध्यक्ष पर

इसके अलावा देश के तमाम प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रेसिडेंट के निर्णय को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष पर छोड़ा गया है। जिस तरह प्रदेश प्रभारियों ने इस्तीफे दिए। उस तरह प्रदेश के अध्यक्षों से इस्तीफे नहीं मांगे गए हैं। प्रदेशाध्यक्षों का निर्णय नए राष्ट्रीय अध्यक्ष पर छोड़ा गया है। ऐसे में अब जिस पीसीसी चीफ को पद पर बरकरार रखना होगा वह रहेगा। वहीं जहां बदलना होगा, वहां राष्ट्रीय अध्यक्ष उसे बदल देंगे।

#### ब्लॉक के लिए अपने स्तर पर दिए नाम

इसी तरह 400 ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्तियां भी होनी है। ब्लॉक के लिए दावेदारों ने अपने स्तर पर पर्यवेक्षकों और पीसीसी को नाम दिए हैं। इन्हीं के आधार पर डीसीसी और प्रदेश के पदाधिकारियों ने मिलकर नए ब्लॉक अध्यक्षों के नाम तय कर लिए हैं। बता दें कि 2020 में सचिन पायलट गुट की ओर हुई बगावत के बाद पूरे प्रदेश की कार्यकारिणी भंग कर दी गई थी। उसके बाद से कुछ जगहों को छोड़कर बाकी नियुक्तियां नहीं हुई हैं।

#### अध्यक्षों की नियुक्ति के बाद बनेगी कार्यकारिणी

प्रदेश में अब पीसीसी की भी कार्यकारिणी नए सिरे से बनाई जाएगी। पीसीसी पदाधिकारियों में कई नेता ऐसे हैं जो मंत्री या बोर्ड-निगम के चेयरमैन पदों पर हैं। इनमें से कईयों ने इस्तीफे भी दिए हैं। मगर वो मंजूर नहीं हुए हैं। ऐसे में प्रदेश स्तर पर कार्यकारिणी नहीं बनेगी। इसके अलावा जिलों और ब्लॉक के अध्यक्ष नियुक्त होने के बाद जिलाध्यक्ष और ब्लॉक अध्यक्ष अपने स्तर पर नई कार्यकारिणी बनाएंगे।

#### निर्णय सर्वसम्मति से हुए हैं, विवाद की गुंजाइश नहीं : डोटासरा

पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि प्रदेशभर में जिलाध्यक्षों और ब्लॉक अध्यक्षों के निर्णय सर्वसम्मति से किए हैं। सभी की राय लेकर जिलाध्यक्षों और ब्लॉक अध्यक्षों को चुनकर उनके नाम इलेक्शन अथॉरिटी को दे दिए हैं। क्योंकि निर्णय सर्वसम्मति से हुए हैं, ऐसे में इसे लेकर विवाद की गुंजाइश नहीं। अब इलेक्शन अथॉरिटी जब चाहेगी नाम घोषित कर देगी।

## रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच मॉस्को जाएंगे विदेश मंत्री जयशंकर, 8 नवंबर को लावरोव के साथ करेंगे बातचीत करेंगे



नई दिल्ली।

विदेश मंत्री एस जयशंकर 8 नवंबर को मास्को में अपने रूसी समकक्ष सर्गेई लावरोव के साथ बातचीत करेंगे। रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया ज़खारोवा ने कहा, मंत्री द्विपक्षीय संबंधों की वर्तमान स्थिति और अंतरराष्ट्रीय एजेंडे पर चर्चा करेंगे। विदेश मंत्रालय ने अभी तक जयशंकर की प्रस्तावित यात्रा पर कोई टिप्पणी नहीं की है, जो दो सप्ताह पहले क्रीमिया में एक बड़े विस्फोट के बाद रूस और यूक्रेन के बीच शत्रुता की एक नई लहर के मद्देनजर आया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कई बार रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ-साथ यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर ज़ेलेंस्की से बात की है। 4 अक्टूबर को ज़ेलेंस्की के साथ एक कॉल पर पीएम मोदी ने कहा कि कोई सैन्य समाधान नहीं हो सकता और भारत किसी भी शांति प्रयासों में योगदान देने के लिए तैयार है। 16 सितंबर को समरकंद में पुतिन के साथ एक द्विपक्षीय बैठक में मोदी ने रूसी राष्ट्रपति से कहा कि आज का युग युद्ध का नहीं है। जबकि भारत ने अभी तक यूक्रेन पर रूसी आक्रमण की निंदा नहीं की है, सरकार इस बात पर कायम रही है कि कूटनीति और बातचीत के माध्यम से संकट का समाधान किया जाना चाहिए।

## गृह मंत्री शाह का कांग्रेस पर वार, बोले-हुडा की 3डी सरकार में थे दरबारी, दामाद और डीलर

फरीदाबाद।

फरीदाबाद के सेक्टर-12 स्थित मैदान में आयोजित रैली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि हरियाणा को पहली बार मनोहर लाल के रूप में हरियाणा का मुख्यमंत्री मिला है। इससे पहले सिरसा और रोहतक के मुख्यमंत्री होते थे। वहीं, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रैली के माध्यम से हरियाणा के भाजपा नेता स्वर्गीय डॉक्टर मंगल सेन की जयंती पर उन्हें याद किया और महाकवि सूरदास का भी जिक्र किया।

अमित शाह ने जन उत्थान रैली में कहा कि हरियाणा सरकार के आठ साल पूरे हो रहे हैं। इन आठ सालों में मनोहर लाल ने हरियाणा को बदलने का काम किया है। हरियाणा भारत के इतिहास का महत्वपूर्ण स्थान है, जहां गीता प्रकट हुई। इसी फरीदाबाद की धरती पर संत सूरदास ने जन्म लिया। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि मनोहर लाल जब मुख्यमंत्री बने तब मैं भारतीय जनता पार्टी का अध्यक्ष था। चुनाव जीतने के बाद जब वे मुझसे मिलने आए, मैंने उनसे पूछा किसे मुख्यमंत्री बनाना चाहिए तो उन्होंने 15 नाम गिना दिए, मगर अपना नाम नहीं लिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरियाणा की जनता के लिए 6600 करोड़ का दिवाली का तोहफा भेजा है।



**इनोवेशन इंडेक्श में हरियाणा का तीसरे स्थान**-अमित शाह ने कहा कि पूरा हरियाणा खुले में शौच से मुक्त है। आठ साल पहले साफ्टवेयर निर्यात करने में हरियाणा का कोई नाम नहीं था। अब हरियाणा साफ्टवेयर निर्यात में दूसरे स्थान पर हैं। देश में सबसे ज्यादा स्टार्टअप हरियाणा के युवाओं ने बनाए हैं। देश में सड़क पर चलने वाली हर दूसरी गाड़ी हरियाणा बनाकर दे रहा है। यह परिवर्तन पिछले आठ साल में आया है। गुरुग्राम को सबसे बड़ा उद्योग हब बनाने का काम हरियाणा सरकार ने किया है। आठ साल पहले निर्यात में हरियाणा 16वें नंबर पर था। अब सातवें नबर पर आया है। एमएसएमई की रैंकिंग में हरियाणा तीसरे स्थान पर बना हुआ है। इनोवेशन इंडेक्श में हरियाणा तीसरे नंबर पर है।

**फरीदाबाद में अमित शाह की पहली रैली**-चुनावी रैली को छोड़ दें तो यह औद्योगिक नगरी में अमित शाह की पहली रैली है। इसको लेकर सेक्टर-12 स्थित मैदान में भव्य मंच से केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 4 बड़ी परियोजनाओं का शुभारंभ किया। इन परियोजनाओं में सबसे बड़ी 5,618 करोड़ रुपये की लागत वाली हरियाणा आर्बिटल रेल कारिडोर परियोजना है। इसके अलावा सोनीपत जिले में 590 करोड़ रुपये की लागत वाले रेल कोच नवीनीकरण कारखाने का उद्घाटन, 315 .40 करोड़ से रोहतक में निर्मित देश के पहले सबसे लंबे एलिवेटेड रेलवे ट्रैक का लोकार्पण और 106 करोड़ रुपये से निर्मित हरियाणा पुलिस आवास परिसर भोंडसी का शाह ने उद्घाटन किया।

**रैली को लेकर कई मार्गों पर डायवर्जन**-केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के आगमन को लेकर बृहस्पतिवार को फरीदाबाद में कई मार्गों पर रूट डायवर्जन किया गया है। बुधवार को पुलिस ने प्रभावित रहने वाले मार्गों के साथ ही वैकल्पिक मार्गों की सूची भी जारी की सेक्टर-12 और सूरजकुंड के आस-पास के मार्ग इस दौरान सबसे अधिक प्रभावित रहेंगे।

## धर्म के नाम पर कश्मीर में कितना खून बहाया गया, उसका कोई हिसाब नहीं : रक्षामंत्री

श्रीनगर।



कश्मीरियत के नाम पर आतंकवाद का जो तांडव इस प्रदेश ने देखा, उसका कोई वर्णन नहीं किया जा सकता है। धर्म के नाम पर कितना खून बहाया गया, उसका कोई हिसाब नहीं। आतंकी तो बस हिंदुस्तान को लक्ष्य करके अपने मंसूबों को अंजाम देना जानते हैं।

आज शौर्य दिवस पर बड़गाम में आयोजित सैन्य कार्यक्रम में संबोधित करते हुए रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आज भारत की जो एक विशाल इमारत हमें दिखाई दे रही है, वह हमारे वीर योद्धाओं के बलिदान की नींव पर ही टिकी हुई है। भारत नाम का यह विशाल वटवृक्ष, उन्हीं वीर जवानों के खून और पसीने से अभिसिंचित है। आज का यह शौर्य दिवस, उन वीर सेनानियों की कुर्बानियों और बलिदान को ही याद करने का दिवस है। आज का यह दिवस, उनके त्याग और समर्पण को हृदय से नमन करने का दिवस है।

26 अक्टूबर 1947 को जम्मू-कश्मीर का भारत के साथ विलय समझौता होते ही अगले दिन 27 अक्टूबर 1947 को भारतीय सेना लोगों की सुरक्षा के लिए कश्मीर की धरती पर पहुंच गई। सेना का यह अभियान हमारी क्षेत्रीय अखंडता की सुरक्षा के साथ-साथ, हमारी जनता की सुरक्षा का भी अभियान था। यह आजाद भारत को लेकर, यहां की जनता के सपनों, आशाओं और आकांक्षाओं को सुरक्षित करने का अभियान था। इस युद्ध में भारतीय सेना ने कश्मीरी भाइयों-बहनों और सुरक्षाबलों के सहयोग से ऐसा ऐतिहासिक काम किया, कि उसकी जितनी सराहना की जाए, कम है। हमारी सेनाओं ने दुश्मनों को पीछे हटने पर मजबूर कर दिया, और जम्मू-कश्मीर समेत पूरे देश की संप्रभुता की सुरक्षा की।

भारत पाकिस्तान बटवारे का जिक्र करते हुए रक्षामंत्री राजनाथ सिंह बोले 1947 में भारत और पाकिस्तान के बीच विभाजन की कथा लिखी गई। इस कथा की रक्तिम स्याही अभी सूखी भी न थी, कि पाकिस्तान द्वारा विश्वासघात की एक नई पटकथा लिखी जानी शुरू हो गई थी। विभाजन के कुछ ही दिनों के भीतर पाकिस्तान का जो चरित्र सामने आया, उसकी कभी कल्पना भी नहीं की गई थी।

पायलट बीजू पटनायक-मेजर सोमनाथ को भी याद किया : यहाँ मैं भारतीय राजनीति के एक शिखर पुरूष, और ओड़िशा के पूर्व मुख्यमंत्री, बीजू पटनायक का भी स्मरण, और उनको नमन करना चाहूँगा।

## एलएसी के पास भारत-अमेरिका करेंगे मिलिट्री ड्रिल

### 8 नवंबर से 11 दिसंबर के बीच 3 युद्धाभ्यास करेगा

नई दिल्ली।

भारत-चीन तनाव के बीच चीन से लगने वाली वास्तविक नियंत्रण रेखा के पास भारत और अमेरिका मिलिट्री ड्रिल करेंगे। साल खत्म होते-होते भारत 3 बड़े युद्धाभ्यास एक-साथ करने जा रहा है। ये सभी मिलिट्री एक्सरसाइज 8 नंवबर से शुरू हो जाएंगी। 11 दिसंबर तक चलने वाली इन मिलिट्री एक्सरसाइज में भारत अपनी सैन्य ताकत दिखाएगा।

**उत्तराखंड के औली में होगी भारत-यूएस की ड्रिल**-भारत और अमेरिका 15 नवंबर से 2 दिसंबर तक एलएसी के पास युद्धाभ्यास करेंगे। एक्सरसाइज उत्तराखंड के औली में होगी। ये इलाका एलएसी से महज 100 किलोमीटर दूर है। एक अधिकारी ने कहा- युद्धाभ्यास में दोनों देशों के करीब 350-350 सैनिक शामिल होंगे। पहाड़ों और बेहद ठंडे इलाकों में इंटीग्रेटेड बैटल ग्रुप्स को परखा जाएगा। एक साल ये एक्सरसाइज भारत में होती है और एक साल अमेरिका में। पिछले साल ये युद्धाभ्यास अमेरिका के अलास्का में किया गया था।

**भारत-अमेरिका की मिलिट्री एक्सरसाइज अहम**-उत्तरांखड से सटा चीन बॉर्डर भारतीय सेना के सेंट्रल सेक्टर का हिस्सा है। ये इलाका भारत और चीन के बीच लंबे समय से विवादित रहा है। दो साल पहले ग्लवान घाटी में हुई हिंसक झड़प के बाद से इस इलाके में चीन की सैन्य गतिविधियां बढ़ीं हैं। इसी वजह है कि भारत और अमेरिका के बीच होने वाली मिलिट्री एक्सरसाइज बेहद अहम है।

**क्वाड देश जापान में करेंगे मिलिट्री ड्रिल**-भारत हिंद-प्रशांत क्षेत्र (इंडो-पैसिफिक) में क्वाड देशों के साथ मालाबार नेवल एक्सरसाइज करेगा।

## सम्पादकीय

# आतंक की घाटी

घाटी से एक बार फिर कश्मीरी पंडितों के पलायन की कोशिशें सुरक्षा व्यवस्था की नाकामी का ही सबूत हैं। खबरों के मुताबिक, शोपियां जिले के चौधरीगुंड गांव के दस कश्मीरी पंडित परिवार गांव छोड़ कर जम्मू पहुंच गए। पिछले दो हफ्ते में हुई दो लक्षित हत्याओं के बाद वहां रह रहे लोगों में इस कदर भय व्याप्त है कि वे परिवार सहित गांव छोड़ गए। कश्मीरी पंडितों का वह गांव अब खाली हो गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि निशाना बना कर की जा रही हत्याओं की वजह से उन लोगों में भी डर समा गया है, जो नब्बे में हुए पलायन के बाद वहीं अपने पुश्तैनी घरों में रह रहे थे। कश्मीरी पंडित लंबे समय से अपनी सुरक्षा की मांग कर रहे हैं। वे धरने पर बैठे हुए हैं। सरकार उन्हें आश्वासन तो देती है, मगर लक्षित हत्या का सिलसिला रुक नहीं पा रहा, जिसकी वजह से उनमें भय बना हुआ है। स्थिति यह है कि आतंकवादी कश्मीरी पंडितों को निशाना बना कर उनकी दुकान, दफ्तर, घर, बाजार, बाग आदि कहीं भी मार डालते हैं। इस तरह उनके पुनर्वास का मकसद कहीं हाशिए पर चला गया लगता है। कश्मीरी पंडितों का संगठन कई महीने से मांग कर रहा है कि उन्हें सुरक्षित जगहों पर चले जाने दिया जाए। करीब बत्तीस साल पहले कश्मीरी पंडितों ने इसीलिए घाटी से पलायन कर जम्मू के शिविर में पनाह ली थी कि उन्हें निशाना बना कर मारा जा रहा था। इस बीच केंद्र और राज्य में कई सरकारें बदलीं, सबका वादा यही था कि कश्मीरी पंडितों का पुनर्वास कराया जाएगा। इसके लिए प्रयास भी हुए। घाटी में सरकारी नौकरियों में उनके लिए जगह बनाई गई, उनमें अपने पुश्तैनी घरों में वापस लौटने का भरोसा जगाया गया।

इस तरह कई परिवार वापस अपने गांव लौटे भी। मगर अब जब फिर वही स्थितियां उनके सामने उपस्थित हो गई हैं, तो उन्हें पलायन के अलावा कोई दूसरा रास्ता नजर नहीं आ रहा। पिछले तीन महीनों में कई बार चुपके से कुछ कश्मीरी परिवारों ने रात के अंधेरे में पलायन की कोशिश की, मगर उन्हें सुरक्षा बलों ने रोक दिया। बताते हैं कि उसके बावजूद कई परिवार पलायन कर चुके हैं। जो वहां रह रहे हैं, वे भी किसी सुरक्षित जगह जाना चाहते हैं। कश्मीरी पंडितों का इस तरह दुबारा पलायन करना एक तरह से आतंकवादी संगठनों का मनोबल बढ़ाने वाली घटना है। उनका मकसद यही है कि बाहरी लोगों को निशाना बना कर उन्हें घाटी से खदेड़ा और सरकार पर दबाव बनाया जा सके। हालांकि सरकार दावा करती रही है कि घाटी से आतंकवाद को काफी हद तक खत्म किया जा चुका है, मगर हकीकत यह है कि आतंकवादी संगठन नई-नई रणनीति बना कर सुरक्षा व्यवस्था को चुनौती दे रहे हैं। उन पर कड़ी नजर बनी हुई है, फिर भी वे अपनी साजिशों को अंजाम दे पा रहे हैं। बेशक वे कोई बड़ी वारदात करने में कामयाब न हो पा रहे हों, मगर लक्षित हिंसा करके सुरक्षा व्यवस्था के लिए चुनौती तो पेश कर ही रहे हैं।

आए दिन मुठभेड़ में आतंकियों के मारे जाने के समाचार आते हैं, फिर भी उनकी उपस्थिति बनी हुई है। मसलन, बुधवार को एक ओर कुपवाड़ा जिले में नियंत्रण रेखा पर घुसपैठ की कोशिश करते एक आतंकवादी को सुरक्षाबलों ने मार गिराया, तो दूसरी ओर बारामूला से भी आतंकवादियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ की खबर आई। ऐसी स्थिति में कश्मीरी पंडितों के पलायन से सरकार की रणनीति पर प्रश्न खड़े होते हैं कि वह घाटी में आतंकवाद से निपटने और वहां रह रहे कश्मीरी पंडितों को सुरक्षा उपलब्ध करा पाने में सफल क्यों नहीं हो पा रही।

# भारत पर दो सौ वर्षों तक राज करने वाले ब्रिटेन पर अब भारतवंशी का राज

**भारत में सुनक की जीत पर काफी खुशी मनाई जा रही है, यह दीपावली का विलक्षण एवं सुखद तोहफा इसलिये है कि भारत पर दो सौ वर्षों तक राज करने वाले ब्रिटेन पर अब भारतवंशी का राज होगा। सुनक के रूप में उस ब्रिटेन को भारतीय मूल का पहला प्रधानमंत्री मिलने से निश्चित ही भारत का गौरव दुनिया में बढ़ा है। 42 साल के सुनक आधुनिक दौर में ब्रिटेन के सबसे कम उम्र के प्रधानमंत्री हैं। किंग चार्ल्स तृतीय के ऑफिस ने उनके नाम पर मुहर लगा दी है। सुनक का ब्रिटेन का प्रधानमंत्री बनना इस मायने में भी बेहद अहम बात है कि ब्रिटेन में भारतीय मूल के लोग अल्पसंख्यक हैं। उनकी आबादी कम है। इसके बावजूद सुनक को ब्रिटेन में प्रधानमंत्री बनने का मौका मिल गया है। एक और खास बात यह है कि सुनक को ऐसी पार्टी ने अपना नेता चुना है, जो रूढ़िवादी विचारों के लिए जानी जाती है। प्रवासी लोगों के लिए कंजर्वेटिव पार्टी का रुख उदार नहीं रहा है। दुनिया में बढ़ रही कट्टरता और अल्पसंख्यकों को निशाना बनाए जाने की बढ़ती हरकतों के बीच ब्रिटेन और वहां की कंजर्वेटिव पार्टी ने जो फैसला किया है, वह दुनिया को एक नई राह दिखाएगा, यह उम्मीद की जानी चाहिए।**



**भारतीय** मूल के ऋषि सुनक एक नया इतिहास रचते हुए ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री की शपथ ले चुके हैं। उन्होंने पेनी मोरडॉन्ट को मात देते हुए जीत हासिल की है। कंजरवेटिव पार्टी का नेतृत्व करने की रेस ऋषि सुनक जीत चुके हैं। पार्टी ने उन्हें अपना नया नेता चुन लिया है। यह पहली बार हुआ है जब कोई भारतीय मूल का व्यक्ति ब्रिटेन का प्रधानमंत्री बना है। हालांकि इससे ब्रिटेन पर छाए राजनीतिक और आर्थिक संकट के बादल कितने कम होंगे, यह भविष्य के गर्भ में है। लेकिन सुनक के बहाने यदि ब्रिटेन आर्थिक संकट से उबरने में सक्षम हो सका तो यह न केवल सुनक के लिये बल्कि भारत के लिये गर्व का विषय होगा। भले ही सुनक के सामने कई मुश्किल चुनौतियां और सवाल हैं, लेकिन उन्हें एक सूरज बनकर उन जटिल हालातों से ब्रिटेन को बाहर निकालना है। ब्रिटेन गहरे आर्थिक संकट की ओर बढ़ता दिख रहा है। महंगाई 40 साल के उच्चतम स्तर पर है। बैंक ऑफ इंग्लैंड का अनुमान है कि इस साल इंफ्लेशन 11 प्रतिशत के ऊपर जा सकती है। ऋषि सुनक इससे पहले बोरिस जॉनसन सरकार में वित्त मंत्री रह चुके हैं। उनके मंत्री रहते ब्रिटेन में महंगाई 40 साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई थी। टैक्स भी बढ़ाए गए थे। जॉनसन मंत्रिमंडल से इस्तीफा देते हुए सुनक ने लिखा था कि कम टैक्स रेट और ऊंची ग्रोथ रेट वाली इकॉनमी तभी बनाई जा सकती है, जब 'हम कड़ी मेहनत करने, कुर्बानियां देने और कड़े फैसले करने को तैयार हों। मेरा मानना है कि जनता सच सुनने को तैयार है। आम-जनता को यह बताया जाना चाहिए कि बेहतरी का रास्ता है, लेकिन यह आसान नहीं है।' सुनक ने तब जिस कड़ी मेहनत की बात की थी, वह अब उन्हें खुद करके दिखानी होगी। उनके पास जीये गये राजनीतिक कड़वे अनुभव हैं। उन अनुभवों से यदि वे ब्रिटेन की अर्थ-व्यवस्था को उबार सके तो यह समूची दुनिया के लिये एक रोशनी होगी।

निश्चित ही सुनक ने एक कांटों भरा ताज पहना है। ब्रिटेन की आर्थिक स्थिति बेहद चुनौतीपूर्ण है। इन असाधारण चुनौतियों से पार पाना सुनक की सबसे बड़ी अग्नि-परीक्षा है। ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था के आपूर्ति पक्ष में कमजोरी अब एक तत्काल चिंता का विषय है। जबकि उत्पादन इसकी पूर्व-कोविड प्रवृत्ति से 2.6 प्रतिशत से कम है। ऐसे में सकल घरेलू उत्पाद को अतिरिक्त 1.4 प्रतिशत की दर से बढ़ाना होगा। अर्थव्यवस्था के सामने व्यापार की शर्तें भी बड़ी चुनौती है। आने वाले दिनों में इससे घरेलू और कॉर्पोरेट दोनों क्षेत्रों पर असर पड़ेगा। आर्थिक रूप से कमजोर लोग इससे और परेशान हो सकते हैं। प्रमुख नीतिगत सवाल यह है कि इस नुकसान को कैसे आवंटित किया जाए। मांग गिरने से निकट भविष्य में बेरोजगारी बढ़ने की आशंका है। भविष्य में बढ़ने वाली बेरोजगारी पर काबू पाना एवं बढ़ती महंगाई को नियंत्रित करना भी आसान नहीं है। अध्ययन के मुताबिक, 2023 तक महंगाई उच्च स्तर पर पहुंच सकती है, जिससे निपटना चुनौतीपूर्ण होगा। एक तरफ खुदरा महंगाई दर दोहरे अंकों में होने से जीवनयापन का संकट है। दूसरी ओर रुकी हुई आर्थिक वृद्धि की समस्या है, जो बदले में कम राजस्व और उच्च ऋण की ओर ले जाती है। अब अगर सरकार मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए खर्च पर अंकुश लगाती है, तो यह आर्थिक विकास को और नीचे ले जाएगी। आईएफएस की रिपोर्ट कहती है कि यह किसी भी ब्रिटिश नीति निर्माता के लिए सबसे अधिक चिंताजनक है।

इन आर्थिक चुनौतियों के साथ-साथ ऋषि सुनक के सामने सबसे पहली राजनीतिक चुनौती तो यही है कि उन्हें साबित करना है कि वह पार्टी को नियंत्रित कर सकते हैं। कंजरवेटिव पार्टी के पास संसद में बहुमत है लेकिन वह ब्रेग्जिट समेत तमाम मुद्दों पर बंटी हुई है। ऐसे में पार्टी को एक करना भी एक चुनौती है। आने वाले दिनों में पार्टी के ही कुछ लोगों द्वारा हाई टैक्स का विरोध किया जा सकता है। लोग स्वास्थ्य और रक्षा जैसे क्षेत्रों के खर्च में कटौती का भी विरोध कर सकते हैं। सुनक को ऐसे स्वरों को भी संभालना होगा, संतुलित राजनीति का नया अध्याय लिखते हुए ब्रिटेन पर छाये निराशा के बादल का छांटना होगा। गहन समस्याओं एवं निराशाओं के बीच प्रधानमंत्री का ताज धारण करके सुनक ने साहस एवं हौसलों का परिचय दिया है। एक कर्मयोद्धा की भांति इन सब समस्याओं को सुलझाने के लिये अभिनव उपक्रम करने होंगे। ऋषि सुनक स्वयं को भारतीय एवं हिंदू कहकर गर्व महसूस करते हैं और अपनी धार्मिक पहचान को लेकर वह काफी मुखर रहते हैं। वह नियमित रूप से मंदिर जाते हैं और उनकी बेटियों, अनुष्का और कृष्णा की जड़ें भी भारतीय संस्कृति से जुड़ी हैं। सुनक जब सांसद बने थे तब उन्होंने भगवत गीता की शपथ ली थी। एक रैली में सुनक ने कहा था कि भले ही वह एक ब्रिटिश नागरिक हैं, उन्हें अपने 'हिंदू होने पर गर्व' है। कैलिफोर्निया की स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी में एमबीए की पढ़ाई के दौरान सुनक की मुलाकात उनकी फैशन डिजाइनर अक्षता मूर्ति से हुई थी। अगस्त 2009 में अक्षता और ऋषि शादी के बंधन में बंध गए। अक्षता इंफोसिस के को-फाउंडर और भारत के सबसे अमीर लोगों की सूची में शामिल नारायण मूर्ति की बेटी हैं। सुनक कई बार इसका जिक्र कर चुके हैं कि उन्हें अपने सास और ससुर पर बेहद गर्व है। ऋषि सुनक को हाउस ऑफ कॉमन्स में सबसे अमीर शख्स कहा जाता है जिनकी कुल संपत्ति 730 मिलियन पाउंड है।

## आज का राशिफल

### मेष
आज आप समाज और आम लोगों से वाहवाही प्राप्त कर सकेंगे। साथ ही आपको आर्थिक लाभ भी हो सकता है। परिवार और वैवाहिक जीवन सुख और संतोष से भरपूर रहेगा। वाहनसुख प्राप्त कर सकेंगे। प्रियजनों के साथ प्रेम के

### वृषभ
आज आपको हर काम में सफलता मिलेगी। विरोधियों पर आप विजय प्राप्त कर सकेंगे। सामाजिक दृष्टि से आपको मान-सम्मान मिलेगा। आलस्य का वातावरण छाया रहेगा। विवाद में मानहानि हो सकती है, ध्यान रखें।

### मिथुन
आज सुबह आपका मन क्रोधित रहेगा। शारीरिक रूप से अस्वस्थ और मानसिक रूप से चिंता का अनुभव होगा। व्यर्थ धन खर्च होगा। दोपहर के बाद किसी प्रिय मित्र से मुलाकात हो सकती है। आर्थिक लाभ भी होगा।

### कर्क
आज भावनाओं के प्रवाह में आप न बह जाएं। छोटे प्रवास या पर्यटन की संभावना है। आज आपका स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा और मन भी खुश रहेगा। दोपहर के बाद कोई काम नहीं बनने से आप चिड़चिड़े रहेंगे।

### सिंह
आज निर्णय लेने की स्थिति में आप नहीं रहेंगे। पारिवारिक कामों के पीछे धन का खर्च होगा। नौकरी या व्यापार में उलझन दूर करने के लिए बड़ों की मदद लग सकती है। संबंधियों के साथ मनमुटाव के प्रसंग बनेंगे।

### कन्या
आज का आप का दिन मध्यम फलदायी है। फिर भी शारीरिक और मानसिक रूप से सुख-शांति रहेगी। व्यावसायिक क्षेत्र में भी वातावरण अनुकूल रहेगा। दोपहर के बाद आप के मन की स्थिति दुविधापूर्ण रहेगी।

### तुला
परिवार के सदस्यों के साथ अच्छा व्यवहार करना होगा। घर की साज-सजावट में भी परिवर्तन करेंगे, इससे मानसिक स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा। व्यापार में भागीदार की ओर से आर्थिक लाभ होगा।

### वृश्चिक
आप के लिए आज भाग्यवृद्धि का दिन है। विदेश में स्नेहीजन से अच्छे समाचार प्राप्त होंगे। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। धार्मिक प्रवास होने की संभावना है। धन लाभ की भी संभावना है।

### धनु
व्यवसाय में पदोन्नति के योग हैं। आप का प्रत्येक काम सफल होने के साथ-साथ पूरा भी होगा। माता से किसी तरह का लाभ मिल सकता है। मान-सम्मान प्राप्त होगा। गृहस्थ जीवन आनंदपूर्ण रहेगा।

### मकर
आज सुबह आप का स्वास्थ्य नरम-गरम रह सकता है। नेगेटिव विचार से आप परेशान रह सकते हैं। वैचारिक स्तर पर संयम रखना आवश्यक है। दोपहर के बाद आप शारीरिक और मानसिक स्वस्थता रहेगी।

### कुंभ
आज के दिन परिजनों के साथ पर्यटन का आनंद उठाएंगे। सुबह मन खुश रहेगा, लेकिन दोपहर के बाद किसी बात की चिंता आपको हो सकती है। अधिक खर्च होने से धन की तंगी रहेगी। सरकारी कामों में विघ्न आएंगे।

### मीन
आज का दिन सुख और शांति से गुजरेगा। पारिवारिक जीवन में भी आनंद छा जाएगा। शारीरिक और मानसिक स्वस्थता प्राप्त होगी। नए वस्त्र और आभूषण के पीछे धन खर्च होगा। किसी यात्रा पर जा सकते हैं।


## व्यापार समाचार

# सेंसेक्स 212 अंक चढ़ा, निफ्टी 80 अंक मजबूत

मुंबई।

वैश्विक बाजार के मिले-जुले संकेतों के बीच धातु एवं रियल्टी शेयरों के अच्छे प्रदर्शन से बृहस्पतिवार को घरेलू शेयर बाजारों के मानक सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में बढ़त दर्ज की गई।

बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 212.88 अंक यानी 0.36 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 59,756.84 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 415.98 अंक यानी 0.69 प्रतिशत तक उछल गया था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी ने भी 80.60 अंक यानी 0.46 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की और 17,736.95 अंक पर बंद हुआ। शेयर बाजारों में बुधवार को 'दिवाली बलिप्रतिपदा' के अवसर पर कारोबार बंद रहा था। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में टाटा स्टील, पावर ग्रिड, सन फार्मा, भारती एयरटेल, टाइटन, एक्सिस बैंक, डॉ रेड्डीज लैब और एनटीपीसी ने प्रमुख रूप से बढ़त दर्ज की। वहीं, बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, एशियन पेंट्स, टेक महिंद्रा और नेस्ले के शेयर नुकसान में रहे। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और हांगकांग का हैंगसेंग बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि जापान के निक्की और चीन के शंघाई कम्पोजिट गिरावट पर रहे। यूरोपीय बाजार दोपहर के सत्र में मिली-जुली स्थिति में कारोबार कर रहे थे। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट 0.13 प्रतिशत बढ़त के साथ 95.79 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था। इस बीच, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की भारतीय बाजारों से निकासी का सिलसिला जारी है। उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक विदेशी निवेशकों ने मंगलवार को 247.01 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की शुद्ध बिकवाली की।



## ब्याज दरों में बढ़ोतरी, वैश्विक चुनौतियों के कारण रियल्टी क्षेत्र की धारणा प्रभावित

नई दिल्ली।

रियल एस्टेट कंपनियां, निवेशक और वित्तीय संस्थान अगले छह महीनों में रियल्टी क्षेत्र में वृद्धि को लेकर आशान्वित हैं। हालांकि, ब्याज दरों में वृद्धि और वैश्विक मंदी की आशंकाओं के कारण धारणा में नरमी आई है। संपत्ति सलाहकार नाइट फ्रैंक और रियल्टी कंपनियों के निकाय नेशनल रियल एस्टेट डेवलपमेंट काउंसिल (नारेडको) ने बृहस्पतिवार को 2022 की तीसरी तिमाही के लिए रियल एस्टेट धारणा सूचकांक रिपोर्ट जारी की। वैश्विक आर्थिक परिदृश्य के कारण वर्तमान धारणा स्कोर अप्रैल-जून, 2022 के 62 से जुलाई-सितंबर, 2022 में मामूली रूप से घटकर 61 हो गया है। धारणा सूचकांक कंपनियों, निवेशकों और वित्तीय संस्थानों जैसे आपूर्ति पक्ष के हितधारकों के सर्वेक्षण पर आधारित है। सूचकांक में 50 से ऊपर का स्कोर आशावाद को दर्शाता है, जबकि 50 के स्कोर का मतलब है कि भावना समान या स्थिर है। वहीं 50 से नीचे का स्कोर निराशावाद को दर्शाता है। नाइट फ्रैंक ने बयान में कहा, ''वर्तमान धारणा सूचकांक का स्कोर मुख्य रूप से वैश्विक अर्थव्यवस्था और रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण भू-राजनीतिक जोखिम की वजह से कम हो गया है। हालांकि, इसमें मामूली गिरावट आई है, यह अभी भी सकारात्मक बना हुआ है.....क्योंकि भारतीय अर्थव्यवस्था और रियल एस्टेट की धारणा अबतक मजबूत बनी हुई है।''

## अमेरिका की अर्थव्यवस्था के बीती तिमाही में सकरात्मक रहने की संभावना

वाशिंगटन।

अमेरिकी अर्थव्यवस्था के लिए मुश्किलें अभी कम नहीं हुई हैं और महंगाई अभी भी 40 साल के उच्चतम स्तर के करीब है जो लोगों को प्रभावित कर रही हैं। साथ ही बढ़ती ब्याज दरों ने आवास बाजार को पटरी से उतार दिया है और बढ़ती हुई दरें व्यापक नुकसान भी पंहुचा सकती है। वर्ष 2022 की पहली दो तिमाहियों में सिकुड़ने के बाद अमेरिका की अर्थव्यवस्था के बीती तिमाही में सकरात्मक रहने की संभावना है। डेटा जुटाने वाली कंपनी फैक्टसेट के सर्वेक्षण में अर्थशास्त्रियों ने अनुमान लगाया है कि मौजूदा वर्ष की तीसरी तिमाही में अमेरिका का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) दो प्रतिशत की वार्षिक दर से बढ़ा है। वहीं, जनवरी-मार्च की अवधि में अर्थव्यवस्था में 1.6 प्रतिशत और अप्रैल से जून के बीच 0.6 प्रतिशत की वार्षिक गिरावट आई थी। आर्थिक वृद्धि में लगातार दो तिमाहियों में गिरावट मंदी का एक अनौपचारिक संकेत होता है। लेकिन ज्यादातर अर्थशास्त्रियों का मानना है कि अर्थव्यवस्था अब तक मंदी से बची हुई है।

## सैमसंग ने ली जे योंग को कार्यकारी चेयरमैन नियुक्त किया

सियोल।

सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने आधिकारिक तौर पर तीसरी पीढ़ी के उत्तराधिकारी ली जे योंग को कंपनी का कार्यकारी चेयरमैन नियुक्त किया है। ली की पदोन्नति आंशिक रूप से महत्वपूर्ण है। उन्होंने अपने पिता और कंपनी के पूर्व चेयरमैन ली कुन-ही के निधन के बाद वाइस चेयरमैन के रूप में जिम्मेदारी संभाली थी। हालांकि, ली को कानूनी बाधाओं के कारण 2020 में अपने पिता के निधन के बाद जल्दी से चेयरमैन के रूप में पदोन्नत करने से रोक दिया था।

# कृष्णापट्टनम में 800 मेगावॉट की तीसरी सुपरक्रिटिकल बिजली इकाई चालू

कृष्णापटनम (आंध्र प्रदेश)।



श्री दामोदरम संजीवैया थर्मल पावर स्टेशन (एसडीएसटीपीएस) की 800 मेगावॉट की तीसरी सुपरक्रिटिकल इकाई बृहस्पतिवार को चालू हो गई। सुपर क्रिटिकल से आशय ऐसे संयंत्र से हैं जिसमें एक इकाई 500 मेगावॉट से अधिक का बिजली उत्पादन करती है। तय समयसीमा से तीन साल विलंब से चालू हुई इकाई से शाम के व्यस्त समय में भी बिजली की कटौती से जूझ रहे आंध्र प्रदेश को कुछ राहत मिलेगी। कृष्णापट्टनम में सुपरक्रिटिकल संयंत्र को अपने कूलिंग टावरों के लिए बंगाल की खाड़ी से लगभग पांच किलोमीटर दूर एक विशेष खुली चैनल प्रणाली के जरिये पानी मिलता है। इस बीच, विपक्षी दलों ने विलंब से शुरू हुई इकाई को लेकर आलोचना भी की है। उन्होंने आरोप लगाया है कि एपी पावर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड (एपीपीडीसीएल) पूरे एसडीएसटीपीएस संचालन का निजीकरण करने की प्रक्रिया में है। पूर्व केंद्रीय ऊर्जा मंत्री पीयूष गोयल ने 27 फरवरी, 2016 को 800 गुना दो मेगावॉट की सुपरक्रिटिकल इकाइयों के साथ एसडीएसटीपीएस के पहले चरण का उद्घाटन किया गया था। उन्होंने इस दौरान 800 मेगावॉट की सुपरक्रिटिकल इकाई के दूसरे चरण की भी आधारशिला रखी थी। एपी पावर जनरेशन कंपनी लिमिटेड (एपी जेनको) के अनुसार, दूसरे चरण को 2019 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया था, लेकिन कोविड-19 समेत कई कारकों के कारण इसमें देरी हुई।

## इंटरनेट पहुंच को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा उपग्रह संचार : चंद्रशेखर

नई दिल्ली।

केंद्रीय सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने बृहस्पतिवार को कहा कि उपग्रह संचार देश में गुणवत्ता इंटरनेट की पहुंच बढ़ाने के एक महत्वपूर्ण हिस्से के रूप में उभर रहा है। उन्होंने इंडिया स्पेस कांग्रेस 2022 में कहा कि डिजिटल अर्थव्यवस्था और वैश्विक प्रौद्योगिकी परिदृश्य में भारत के बढ़ते दबदबे के लिए उपग्रह संचार महत्वपूर्ण प्रासंगिकता रखता है। चंद्रशेखर ने कहा, हमारा लक्ष्य वर्ष 2025-26 तक 1.2 अरब भारतीयों को अपने उपकरण के जरिये सीधे इंटरनेट से जुड़ने की क्षमता प्रदान करना है। उपग्रह संचार और अंतरिक्ष खंड की भूमिका इसका एक अंतर्निहित हिस्सा है।

उन्होंने कहा कि वायरलेस तकनीक की सीमाएं हो सकती हैं। उपग्रह संचार स्पष्ट रूप से भारत के सभी नागरिकों और उद्यमों को गुणवत्ता इंटरनेट देने की रुपरेखा के एक महत्वपूर्ण हिस्से के रूप में उभर रहा है। चंद्रशेखर ने कहा कि इंटरनेट और लोगों को डिजिटल अर्थव्यवस्था से जोड़ने के लक्ष्य को सुनिश्चित करने के समग्र मिशन में उपग्रह और अंतरिक्ष महत्वपूर्ण होंगे।

## कार्बन उत्सर्जन कम करने के लिए दिल्ली हवाई अड्डे पर अधिक इलेक्ट्रिक वाहन तैनात करेगी डायल

नई दिल्ली।

दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा लिमिटेड ने हवाईअड्डे के पारिस्थितिकी तंत्र में कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए 57 इलेक्ट्रिक वाहनों को तैनात किया है। जल्द ही ऐसे और वाहनों को परिचालन में लाया जाएगा। डायल ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। एक बयान के अनुसार, डायल ने ईवी को अपनाने की शुरुआत की है। इसका लक्ष्य चरणबद्ध तरीके से अपने सभी डीजल और पेट्रोल वाहनों को बदलने का है। डायल ने कहा, ''हमने पहले चरण में अपने 'एयरसाइड' और 'लैंडसाइड' प्रबंधन के लिए 64 ईवी का ऑर्डर दिया है। उसे इनमें से 57 ईवी मिले हैं, जिन्हें एयरसाइड और लैंडसाइड पर तैनात किया है। सात और ईवी जल्द ही तैनात किए जाएंगे।'' 57 इलेक्ट्रिक वाहनों में से 21 को एयरसाइड पर तैनात किया जा रहा है। हवाई अड्डे की परिचालक ने इस साल जून में हरित परिवहन कार्यक्रम शुरू किया है। इसका उद्देश्य इस कार्यक्रम के जरिये हरित परिवहन की ओर बदलाव करना है। हवाई अड्डे का लक्ष्य 2030 तक शुद्ध शून्य कार्बन उत्सर्जन का है। डायल के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विदेह कुमार जयपुरियार ने कहा, ''हमने ईवी चार्जिंग स्टेशन भी स्थापित किए हैं और बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए चरणबद्ध तरीके से ऐसे और स्टेशन जोड़ने की योजना है।''

## डिस्कॉम के अधिशासी अभियंता ने दिए राजस्व वसूली के निर्देश

मेड़ता रोड (एजाज़ अहमद उस्मानी)।



गुरुवार को डिस्कॉम के सहायक अभियंता कार्यालय में अधिशासी अभियंता रामजीवन जाखड़ ने बैठक लेकर अधिक से अधिक राजस्व वसूली करने के निर्देश दिए। बैठक में सहायक अभियंता ओम प्रकाश ढाका, सहायक राजस्व अधिकारी मनीषा तालेपा, कनिष्ठ अभियंता मेड़ता रोड दिलीप फर डो दा, कनिष्ठ अभियंता गागुड़ा सुनील चौधरी उपस्थित रहे। अधिशासी अभियंता ने मीटिंग में बताया कि दो इस माह करोड़ की राजस्व वसूली बाकी है इसीलिए जिन उपभोक्ताओं के बिलों में 5000 से ज्यादा राशि के बकाया है उन उपभोक्ताओं के कनेक्शन तुरंत प्रभाव से काटे जाए एवं 31 अक्टूबर 2022 तक सहायक अभियंता कार्यालय में शनिवार, रविवार सहित सभी दिन बिजली के बिल जमा किए जाएंगे। अत: सभी उपभोक्ता जिनके बिल बकाया है वह तुरंत बिल जमा करवा दें अन्यथा कनेक्शन काट दिया जाएगा इसी क्रम में गुरुवार को राजस्व वसूली अभियान चलाया गया जिसके तहत मेड़ता रोड गागुड़ा एवं लांबा जाटान में 5000 से अधिक बकाया राशि वाले 15 उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे गए जिन पर लगभग 3 लाख 40 हजार के बिल बाकी थे एवं मौके पर 5 लाख रुपए की राजस्व वसूली की गई।

### मेडिकल कॉलेज के प्राचार्यों से संवाद

## चिकित्सक संवेदनशीलता के साथ करें मरीजों का इलाज : गहलोत



जयपुर।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार पूरी प्रतिबद्धता एवं संवेदनशीलता के साथ प्रदेशवासियों को बेहतरीन चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य कर रही है। स्वास्थ्य योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के परिणामस्वरूप गांवों-कस्बों तक उत्कृष्ट चिकित्सकीय सुविधाएं पहुंच रही हैं। इसी का परिणाम है कि आज राजस्थान चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं में मॉडल स्टेट बनकर उभरा है। गहलोत गुरूवार को मुख्यमंत्री निवास पर चिकित्सा महाविद्यालयों के प्राचार्यों के साथ आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री नि:शुल्क निरोगी राजस्थान योजना तथा मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना जैसी महत्वाकांयोजनाएं प्रारम्भ की हैं। राज्य सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि सभी योजनाओं का धरातल पर प्रभावी क्रियान्वयन हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि योजनाओं के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए उचित कदम उठाने चाहिए ताकि जानकारी के अभाव में कोई इनके लाभ से वंचित न रहे। प्रभावी क्रियान्वयन के लिए योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग के साथ आमजन का फीडबैक लिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि राजस्थान आज स्वास्थ्य सेवाओं में देश का अग्रणी राज्य बनकर उभर रहा है। आज प्रदेश में एमआरआई, सीटी स्केन जैसी महंगी जांचों के साथ-साथ हार्ट, लीवर, बोनमैरो ट्रांसप्लांट जैसा महंगा इलाज नि:शुल्क करवाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने निजी अस्पतालों का आह्वान करते हुए कहा कि अस्पतालों में आने वाले मरीजों का इलाज सेवाभाव एवं संवेदनशीलता के साथ मानवीय आधार पर करें। गहलोत ने निरोगी राजस्थान की संकल्पना को साकार करने के लिए राज्य सरकार का सहयोग करने के लिए भी आग्रह किया। गहलोत ने पोस्ट कोविड समस्याओं को लेकर जागरूकता अभियान चलाये जाने के भी निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि प्रदेशभर में चिकित्सा महाविद्यालयों के निर्माण का कार्य तेजी से चल रहा है। विभिन्न जिलों में नर्सिंग कॉलेज बनाने का कार्य भी प्रगति पर है, जिनके निर्माण उपरांत प्रदेश के सभी जिलों में राजकीय नर्सिंग कॉलेज स्थापित हो जाएंगे।

## एक ओर मोटरसाइकिल चोर चढ़ा कुचामन पुलिस के हत्थे, चोरी की 5 मोटरसाइकिलें बरामद

सद्दाम रंगरेज



**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** कुचामन पुलिस के एक बार फिर मोटरसाइकिल चोर हाथ लगा है, जिसके कब्जे से पांच मोटरसाइकिलें बरामद की गई है। पुलिस उपअधीक्षक संजीव कटेवा ने बताया कि आरोपी को ग्राम चिण्डालिया, थाना मकराना से दस्तयाब किया गया है। इस पूरी कार्यवाही में कुचामन थाने के कांस्टेबल गोपालसिंह की विशेष भूमिका रही है।

गौरतलब है कि कस्बा कुचामनसिटी में पिछले 7-8 महिनों में पुराना बस स्टेण्ड, तहसील कार्यालय कुचामनसिटी के पास, टैगोर स्कूल के पास कुचामनसिटी, बन्धन बैंक के पास कुचामनसिटी, धान मण्डी कुचामनसिटी इत्यादि जगहों से मोटरसाईकिले चोरी हुई थी। पुलिस गश्त में संदिग्ध रामनिवास कुकणा पुत्र रुघाराम जाति जाट उम्र 25 साल निवासी आसरवा पुलिस थाना मकराना जिला नागौर को दस्तयाब कर गहनता से पूछताछ करने पर वारदात स्वीकार की, जिस पर उक्त रामनिवास कूकणा की निशानदेही से कुचामन थाना क्षेत्र में चोरी हुई 5 मोटरसाइकिलें बरामद की गई।

### इस टीम ने की कार्यवाही

मनोज मांचरा पु.नि. थानाधिकारी कुचामन, फारूक अली हैड कानि., गोपालसिंह कानि., नेमाराम कानि., अर्जुन कानि. का विशेष योगदान रहा।

## चेयरमैन अटवाल ने किया मारुति शोरूम का शुभारंभ




शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** डेगाना के नागौर रेलवे फाटक के पास मंगलम मोटर्स का शुभारंभ किया गया। शोरूम का उद्घाटन डेगाना नगर पालिका चेयरमैन मदन लाल अटवाल हुए शहर कांग्रेस अध्यक्ष गिरधारी मुंडेल ने किया, साथ ही नई गाडी ग्रैंड विटारा लॉन्च की गई। डेगाना नगर पालिका के चेयरमैन मदनलाल अटवाल, शहर कांग्रेस अध्यक्ष गिरधारी गुण्डेल, रामदेव तोषनवाल, मुकेश चौयल, अरूण पारीक, रामनिवास पंवार, राजेश सोनी सहित मौजूद है। पदम सारस्वत (नेक्शा मेनेजर), अजित सिंह, अजयसिंह, शोरूम मेनेजर प्रभारी समद हुसैन आदि मौजूद थे। शोरूम मेनेजर में समद हुसैन ने विभिन्न प्रकार की जानकारी दी। गाड़ी के बारे में कई प्रकार के नए फीचर्स की जानकारी दी गई। नगर पालिका अध्यक्ष अटवाल ने कहा कि बदलते दौर में हर व्यक्ति की आवश्यकता अपनी पर्सनल गाड़ी की होती जा रही है इसको देखते हुए डेगाना शहर में मारुति शोरूम की आवश्यकता होने लगी थी।

# पुरानी रंजिश का बदला लेने के लिए की राजेश रलिया की हत्या





सद्दाम रंगरेज

**नागौर( नागौर डेली न्यूज ) :** 25 अक्टूबर की रात्रि में आरोपियों ने राजेश रलिया को घर से ले जाकर टोल प्लाजा, तरनाऊ के पास मारपीट कर हत्या कर दी थी। नागौर पुलिस टीम की कार्यवाही को अंजाम देते हुए 24 घंटों के अंदर मर्डर केस का पर्दाफाश कर दिया। गौरतलब है कि इस संबंध में प्रार्थी सोहनराम पुत्र लादूराम जाति जाट उम्र 51 वर्ष निवासी धारणा थाना जायल ने रिपोर्ट दी थी कि उसके घर पर सुरेश भाट धारणा व शैतानराम पुत्र गोरधनराम रलिया जाति जाट निवासी धारणा तहसील जायल वाले आये व मेरे पुत्र राजेश रलिया को अपने साथ लेकर गये। तरनाऊ से रोहिणा सड़क टोल के पास लालाराम सांगवा तरनाऊ, सुरेश भाट धारणा, सुरेन्द्र गोलिया पुत्र तेजाराम जाट निवासी रुणिया, किसनाराम पुत्र खिराजराम जाट तरनाउ दुर्गाराराम ढाका मांगलोद, टोनु जाखड छावटा तहसील जायल व जुगलकिशोर जाट सांजू, रामनिवास ईनाणिया, अनिल ईनाणिया, सुनिल ईनाणिया गांव ईनाणा, सुनिल काला नागौर एवं 5-7 अन्य लोगों ने मिलकर मेरे पुत्र राजेश की हत्या कर दी। मेरे पुत्र के साथ



- नागौर पुलिस द्वारा टोल प्लाजा तरनाऊ के पास राजेश रलिया के मर्डर का 24 घंटे में किया पर्दाफाश
- मुख्य अभियुक्त व षडयंत्रकर्ता सहित 4 आरोपी गिरफ्तार
- आरोपियों से 2 अवैध पिस्टल तथा 3 कारतूस भी बरामद

सीताराम जाट (नवाद) जायल वाला था, उसके जगह-जगह चोटें आई हैं।

पुलिस जांच में सामने आया कि हत्या का कारण पुरानी रंजीश थी। आरोपियों से 2 अवैध पिस्टल तथा 3 कारतूस भी बरामद किए गए है।

## आरएलपी सुप्रीमो हनुमान बेनीवाल ने की जनसुनवाई



सद्दाम रंगरेज

**नागौर( नागौर डेली न्यूज ) :** राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के सुप्रीमो व नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल ने गुरुवार को भी नागौर स्थित आवास पर जनसुनवाई की। सांसद ने प्रदेश भर के आगंतुक जनो से मुलाकात कर समस्याओं को सुना वहीं लोगो ने सांसद को दिवाली की शुभकामनाएं भी दी। सांसद ने सभी लोगो का मुह मीठा करवाकर दिवाली की बधाई दी।

### ये मामले आए जन सुनवाई में

सांसद की जन सुनवाई में जायल क्षेत्र के किसानों ने कई लोगो द्वारा कुटरचित तथ्यो के आधार पर फसल बीमा का क्लेम उठा लेने, नागौर ब्लॉक के कृषक मित्र महासंघ ने ज्ञापन देकर कृषक मित्र को उचित मानदेय सहित अन्य मांगों से सांसद को अवगत करवाया। सांसद ने कई मामलों को लेकर संबंधित विभाग के अधिकारियों को दूरभाष पर निर्देशित कर जन समस्याओं का निस्तारण करने को कहा।

### चोरी के बढ़ते प्रकरण चिंताजनक

नागौर जिलें के मेड़ता रोड़ थाना क्षेत्र के हंसियास गांव के किसान शिंभूराम राड़ ने छापरी, मेड़ता रोड़, जाजड़ावास, पुण्दलू सहित कई गांवो के किसानों के साथ सांसद से मुलाकात कर उनके हुई बड़ी चोरी का शीघ्र खुलासा करके कार्यवाही करवाने की मांग की। सांसद ने मामले को लेकर राजस्थान के पुलिस महानिदेशक से दूरभाष पर वार्ता की, वहीं मेड़ता वृताधिकारी व नागौर एसपी से दूरभाष पर वार्ता कर चोरी का शीघ्र खुलासा करने के निर्देश दिए।

### यह कहा सांसद ने

सांसद बेनीवाल ने कहा जिले में चोरी की बढ़ती वारदाते चिंताजनक है और पुलिस को चोरी से जुड़े मामलों का शीघ्र खुलासा करने की जरूरत है वहीं सांसद ने बढ़ती अन्य आपराधिक गतिविधियों को लेकर भी चिंता जताई।

### भाजपा मंडल का सामूहिक स्नेह मिलने समारोह आयोजित

## वन बूथ टेन यूथ योजना को धरातल पर उतारकर पार्टी को मजबूती दें कार्यकर्ता : चौहान




शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** डेगाना में गुरूवार को भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल डेगाना की ओर से दीपावली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें डेगाना शहर सहित थांवला, ईडवा, हरसोर, बुटाटी मंडलों के अध्यक्षों ओर पदाधिकारियों ने भाग लेकर एक-दूसरे को दीपावली की बधाई दी।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ओर भाजपा जिला महामंत्री स्टेफी चौहान ने इस अवसर पर कहा कि भाजपा के वन बूथ टेन यूथ मिशन को अमली जामा पहनाने के लिए सभी पार्टी कार्यकर्ता मिलकर कर्मठ कार्यकर्ताओं की टीम तेयार करें। इससे पार्टी को आने वाले चुनावों में पार्टी प्रत्याशी को भारी मतों से जीताकर विधान सभा में भेजा जा सके। इस मौके पर डेगाना शहर मंडल अध्यक्ष महेश दिवाकर, थांवला मंडल अध्यक्ष कैलाश कुमावत, ईडवा के गोपाल, हरसोर मंडल के अध्यक्ष बलवीरसिंह ओर बुटाटी मंडल के अध्यक्ष पुखराज सेवदा ने अपने अपने मंडलों की वस्तु स्थिति से अवगत कराया तथा वन बूथ टेन यूथ मिशन मे की गई प्रगति की जानकारी दी। नागौर विधायक ओर भाजपा जिला अध्यक्ष मोहनराम चौधरी के द्वारा दिये निर्देश पर सभी बूथों पर नियुक्त कार्यकर्ताओं की सूची को शीघ्र तैयार जिला कार्यलाय को भिजवाने पर भी चर्चा की गई। समारोह के दोरान कार्यकर्ताओं ने दीपावली स्नेह मिलन का भी आयोजन किया ओर एक-दूसरे को शुभकामनाएं दी।

**ये रहे मौजूद :** इस मौके पर जिला मंहामंत्री स्टेफी चौहान, भाजपा नेता बेनीगोपाल शर्मा, मंडल अध्यक्ष महेश दिवाकर डेगाना, बलवीरसिंह हरसोर, गोपाल ईडवा, पुखराज सेवदा बुटाटी, कैलाश कुमावत थांवला, गोपाल राम गिवांरिया डोडियाना, विश्व हिन्दू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष कृष्ण अवतार हेडा, कैलाश सारडा कौषाध्यक्ष ईडवा, कार्यक्रम के संयोजक ओर मंडल उपाध्यक्ष कृपाशंकर चौरसिया, मंडल महामंत्री मोहन सिंह रेवंत, सुरेश पारीक तिलानेस, मनोज शर्मा, जगदीश सांजू सहित सभी मंडलों के पदाधिकारियों ने भाग लेकर डेगाना विधान सभा क्षेत्र मे भाजपा को मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

कृपाशंकर चौरसियों ने जानकारी देकर बताया की डेगाना शहर भाजपा मंडल द्वारा पहली बार सभी मंडलों का सामूहिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। अंत मे सहभोज के बाद समारोह का समापन किया।

## आलनियावास में महादेव लाइब्रेरी का हुआ भव्य शुभारंभ

शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** आलनियावास के कालनी रोड पावर के पास महादेव लाइब्रेरी का भव्य शुभारंभ महामण्डलेश्वर श्री श्री 1008चेतन दास त्यागी के हाथों किया गया। शुभारम्भ से पूर्व पण्डित महावीर पाराशर द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ मा शारदे की पूजा की। समारोह के दौरान कस्बे वासियों ने लाइब्रेरी में सहयोग की अनेक घोषणाएं की कस्बे के पुरुषोत्तम गौड़ ने लाइब्रेरी में अध्ययन करने वालो मे से 21 बच्चों की आधी फीस देने की घोषणा की तो प्रिंसिपल नेनाराम दरट ने लाइब्रेरी में पढ़कर सरकारी नौकरी में चयन होने पर चयनित को 11 हजार रुपए की राशि देने की घोषणा, रामस्वरूप विश्नोई ने लाइब्रेरी के लिए 11 हजार रुपए की राशि एवं मदन लाल गुर्जर अध्यापक व फकीर चंद ने लाइब्रेरी के लिए 5-5 हजार राशि की किताबें उपलब्ध कराने की घोषणा की। वहीं कस्बे की शाकम्भरी आदर्श माध्यमिक विद्यालय के संचालक कमल किशोर की तरफ से नि:शुल्क प्रतियोगिता परीक्षा का सिलेबस उपलब्ध कराया जाएगा।



### लाइब्रेरी में सुविधाएं

महादेव लाइब्रेरी में अनेक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई जिसमें मुख्यत: न्यूज.पेपर, करंट बुके, एसी युक्त भवन, लड़कियों के लिए अलग सुविधाएं, सीसीटीवी कैमरे, ऑनलाइन टेस्ट, फ्री वाईफाई, पार्किंग, आरो पानी आदि सुविधाएं होगी। लाइब्रेरी संरक्षक सुखा राम प्रजापत एवं संचालक संजय सैनी, राजेंद्र कुमार प्रजापत ने भव्य शुभारंभ के दौरान अतिथियों का स्वागत किया गया।

### ये रहे मौजूद

इस दौरान मुख्य अतिथि ठाकुर वीरभद्र सिंह राठौड़, बन्नै सिंह राठौड़, बालाप्रसाद बोहरा, रतन लाल गुर्जर, ब्रह्मदेव शर्मा, गणपत लाल सैनी, रामस्वरूप बिश्नोई, नेनाराम दरट, पुरुषोत्तम गौड़,राजेंद्र कुमार बबेरवाल, भंवरलाल फौजी, दीपाराम जाट, अजय पाल जांगिड़ ,विमला शर्मा, फकीरचंद दमामी, सत्यनारायण जांगिड़, छोटू मोहम्मद चौहान, विजय कुमार प्रजापत, रामा गिरी गोस्वामी, मेघाराम सिंगोदिया, टीकम चंद कुमावत सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## दीपावली स्नेह मिलन समारोह आयोजित

अबू बकर बल्खी



**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज ) :** निंबीजोधा मार्ग पर स्थित चोयल निवास में दीपावली पर्व के अवसर पर नागरिकों का दीपावली स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान लाडनूँ शहर व तहसील के दर्जनों गांवों से दिनभर सैंकड़ो लोगों का आना जाना लगा रहा। परिवहन विभाग के जॉइंट कमिश्नर डॉ नानूराम चोयल ने आगंतुक जनों का स्वागत किया। चोयल ने बताया कि त्यौहार हमारी संस्कृति से जोड़े रखने का अभिन्न अंग है। इनसे हमे आपसी प्रेम व सौहार्द की शिक्षा मिलती है। ऐसे अवसर हमे आपस में खुशियां बांटने का। अवसर प्रदान करते है। इसी उद्देश्य से चोयल निवास पर स्नेह मिलन समारोह का आयोजन हुआ जहां लाडनूँ की जनता ने भारी संख्या में शिरकत कर एक दूसरे को दीपावली की बधाईयां प्रेषित की। इस अवसर पर वर्तमान राजनीतिक हालात पर चर्चा हुई एंव आमजन की समस्याओं को सुना गया।

# विवाहिता का शव ले जाने को लेकर हुआ विवाद

## पीहर पक्ष ने एम्बुलेंस का रोका रास्ता



अबूबकर बल्खी

**लाडनूं( नागौर डेली न्यूज ) :** लाडनूं की सरकारी अस्पताल में विवाहिता की मौत के बाद उसका शव ससुराल व पीहर पक्ष के बीच विवादों में घिर गया। इस दौरान पीहर पक्ष ने शव ले जा रही एंबुलेंस का रास्ता रोक कर सामने खड़े हो गए। गौरतलब रहे कि विवाहिता की डिलीवरी के दौरान मौत हो गई थी।

जानकारी के मुताबिक निंबीजोधा निवासी एक ज़्विवाहिता की डिलीवरी के दौरान उसकी मौत हो गई। ससुराल पक्ष ने मृतका सरोज का शव लाडनूं के सरकारी अस्पताल लाकर स्थानीय मोर्चरी में रखवाया। पुलिस की सूचना पर पहुंचे पीहर पक्ष ने ससुराल पक्ष पर हत्या की आशंका जताई, जिसके बाद मेडिकल बोर्ड से मृतका का पोस्टमार्टम करवाया गया।

**एसडीएम ने शव ससुराल पक्ष को सौंपने के दिए आदेश-** मृतका की मनोज राणा निवासी निम्बी जोधा के साथ शादी हुई थी। विवाद को देखते हुए लाडनूं पुलिस ने लाडनूं उपखंड मजिस्ट्रेट अनिल कुमार गढ़वाल के सामने शादी संबंधित दस्तावेज पेश किए गए। दस्तावेजों में कानूनी नियम के अनुसार मृतका का शव ससुराल पक्ष को सौंपने के आदेश किए गए। उपखंड मजिस्ट्रेट के आदेशों के बाद मृतका की बॉडी ससुराल पक्ष को सौंप दी गई। लेकिन जब एंबुलेंस शव लेकर रवाना हुई। तो शोभासर निवासी पीहर पक्ष एंबुलेंस के आडे फिर गया।

इस दौरान लाडनूं पुलिस ने पीहर पक्ष को मौके से हटा कर आदेशों की पालना करवाई। मृतका सरोज के एक पुत्र व एक पुत्री थी। सरोज के पहले पति की मौत हो गई थी, जिसके बाद वह मनोज राणा के संपर्क में आई और कानूनी नियमों के तहत शादी कर ली। जिसके बाद से ही मृतका पुत्र पुत्री मनोज राणा के साथ रह रहे थे।

# 'एक शाम भोम्याजी महाराज के नाम' विशाल भजन संध्या व नृत्य कार्यक्रम में उमड़ा जनसैलाब

## भोम्याजी सर्किल रिंग रोड खारिया में आयोजित हुआ कार्यक्रम

## कुचामन, खारिया, हिरानी, भांवता, पांचवा सहित आसपास के क्षेत्र से हजारों की संख्या में लोग उमड़े

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज) :** खारिया ग्रामवासियों की ओर से भोम्याजी सर्किल रिंग रोड खारिया में 'एक शाम भोम्याजी महाराज के नाम' विशाल भजन संध्या व नृत्य का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य व कुमावत विकास समिति अध्यक्ष बाबूलाल पलाड़ा मुख्य अतिथि थे। जाट महासभा अध्यक्ष दानाराम राठी, आरएलपी नेता भूराराम शेषमां, उदय सिंह खारिया, भैंराराम कूकणा निमोद सरपंच, ट्रस्ट अध्यक्ष राजकुमार फौजी, पार्षद बाबूलाल, दुर्गेश मारोठिया, रामचंद्र, दुलीचंद, मुकेश, राजू घोड़ेला, सत्यनारायण जायलवाल, महेश खारिया, मुकेश खारिया, मुकेश हिरानी, नरसी चौधरी, पूर्व सरपंच श्रीराम पिपलोदा, राजूराम, मुकेश, कमल, लालाराम, सरवन, अजीत विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कुचामन, खारिया, हिरानी, भांवता, पांचवा सहित आसपास के एरिये से हजारों की संख्या में लोग पहुंचे। मंच संचालन बजरंग लाल चौधरी व सुरेश दादरवाल ने किया। कार्यक्रम में कलाकार लक्की उड़ान, भंवर लेगा, अन्न सौलंकी, सोनू नागौरी, निरमा सारस्वत व टीम ने एक से बढ़कर एक शानदार प्रस्तुतियां दी।





# रेलवे ने आमजनों को संरक्षा नियमों के प्रति किया जागरूक

- समपार फाटकों पर संयम बरतने की अपील
- अग्निशामक यंत्र के उपयोग की दी जानकारी

एजाज़ अहमद उस्मानी



**मेड़ता रोड( नागौर डेली न्यूज ) :** रेल प्रशासन ने आम लोगों से रेल दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए निर्धारित संरक्षा नियमों की पालना करने एवं समपार फाटकों पर संयम बरतने की अपील की है। मंडल रेल प्रबंधक गीतिका पांडेय के निर्देश पर गुरुवार को उत्तर-पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल पर संरक्षा विभाग के दल द्वारा लूणी-मारवाड़ जंक्शन रेल खंड के विभिन्न स्टेशनों पर रेल यात्रियों व आमजनों को रेलवे संरक्षा नियमों के प्रति जागरूक किया गया। संरक्षा विभाग के इस दल ने ट्रेनों के संचालन के समय होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु लूणी रेलवे स्टेशन की समपार फाटक संख्या एक पर लोगों को संरक्षा नियमों की विस्तृत जानकारी दी।

वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी शिखर बी मारू के नेतृत्व में संरक्षा विभाग के दल ने लूणी - मारवाड़ जंक्शन रेल खंड के विभिन्न स्टेशनों की समपार फाटकों पर लोगों से ट्रेन गुजरते समय फाटक बंद होने पर संरक्षा नियमों की पालना करते हुए संयम बरतने के प्रति जागरूक किया। संरक्षा दल के प्रभारी मंडल नागरिक सुरक्षा निरीक्षक नाथूराम चौधरी ने स्टेशनों पर रेल यात्रियों व समपार फाटकों पर आम लोगों को रेलवे के संरक्षा नियमों की जानकारी दी।

इस दौरान आमजनों को रेल दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए रेल लाइनों को अनाधिकृत रूप से पार नहीं करने, रेल लाइन को पार करने हेतु हमेशा समपार फाटक या रेल लाइन के ऊपरी पुल या अंडरपास का उपयोग करने,ट्रेन गुजरने के समय बंद रेलवे फाटक के खुलने की प्रतीक्षा करने, फाटक खुलवाने के लिए फाटक वाले पर दबाव नहीं बनाने, ट्रेन में सफर के दौरान ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा नहीं करने व पशुधन को रेल लाइनों से दूर रखने के प्रति जागरूक किया गया।

इसके साथ ही इस खंड पर रेल विद्युतीकरण कार्य को ध्यान में रखते हुए ट्रेन की बोगी की छत पर यात्रा नहीं करने के प्रति यात्रियों को आगाह किया गया। संरक्षा विभाग द्वारा इस दौरान विभिन्न स्टेशनों पर ट्रेनों में आग की घटनाओं से बचाव के लिए रेलवे स्टाफ व यात्रियों को अग्निशामक यंत्र का उपयोग करने से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां भी दी। जन जागरूकता दल में चौधरी के अलावा संरक्षा विभाग के जय प्रकाश शर्मा व राकेश पुरोहित इत्यादि शामिल थे।

# बिलासपुर की दो ट्रेनों में एसी डिब्बों की अस्थाई बढ़ोतरी



एजाज़ अहमद उस्मानी

**मेड़ता रोड( नागौर डेली न्यूज ) :** रेल प्रशासन ने लंबी प्रतीक्षा सूची को देखते हुए यात्रियों की सुविधा हेतु दो जोड़ी रेल सेवाओं में एक-एक थ्री टायर एसी डिब्बों की अस्थाई बढोतरी की है। मंडल रेल प्रबंधक गीतिका पांडेय ने बताया कि ट्रेनों में यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर रेल सेवा 20843/20844, बिलासपुर-भगत की कोठी-बिलासपुर एक्सप्रेस में बिलासपुर से 1 से 29 नवंबर तक तथा भगत की कोठी से 5 नवंबर से 3 दिसंबर तक एक थ्री टायर एसी कोच की अस्थाई बढ़ोतरी की गई है। इसी प्रकार रेल सेवा 20845/20846, बिलासपुर-बीकानेर-बिलासपुर एक्सप्रेस में भी बिलासपुर से 3 से 26 नवंबर तक और बीकानेर से 6 से 29 नवंबर तक एक थ्री टायर एसी डिब्बे की अस्थाई बढ़ोतरी की गई है।

# डॉ. खोजा की पीजी परीक्षा में 29वीं रैंक, बने रेडियोलॉजिस्ट

## मरीजों को नही जाना पड़ेगा जोधपुर

जुगल दायमा



**हरसौर( नागौर डेली न्यूज ) :** स्थानीय राजकीय चिकित्सालय के प्रभारी डॉ. मुकेश खोजा पुत्र रामदयाल खोजा का पीजी परीक्षा में प्रदेशभर में 29वीं रैंक रही। डॉ. खोजा नागौर के साडोकन के रहने वाले हैं तथा जयपुर के एसएमएस मेडिकल कॉलेज में बतौर एमडी रेडियोलॉजिस्ट चयन हुआ है। डॉ. खोजा सीटी स्कैन, एमआरआई और सोनोग्राफी का 3 वर्षीय प्रशिक्षण लेंगे। नागौर के जिला चिकित्सालय में रेडियोलॉजिस्ट का पद खाली होने के कारण मरीजों को सीटी स्कैन, एमआरआई और सोनोग्राफी के लिए जोधपुर जाना पड़ता है। डॉ. खोजा के प्रशिक्षण पूरा करने के बाद अब मरीजों को जिले में ही सुविधाएं मिल सकेंगे। डॉ. खोजा के प्रयासों से गत महीनों अस्पताल में कार्यरत सफाईकर्मी को बेटी की शादी में 75 हजार का आर्थिक सहयोग मिला था। डॉ. खोजा हमेशा सामाजिक सरोकारों से जुड़े रहते हैं। उनके चयन पर डॉ रामनिवास बिंदा, डॉ राजेश चौधरी, डॉ शिवराज प्रजापत, डॉ राजेंद्र स्वामी, डॉ महेंद्र सिंह खंगारोत, डॉ प्रतिभा चौधरी, डॉ सरिता सहित मेडिकल स्टाफ ने खुशी जाहिर की है।

# फेसबुक आईडी हैक कर मांगे रुपए, मकराना थाने दर्ज कराया मामला

मकराना( नागौर डेली न्यूज )।

फेसबुक आईडी को हैक कर रुपयों की मांग करने का एक मामला मकराना थाने में दर्ज हुआ है। प्रार्थी लियाकत अली पुत्र अब्दुल गफ्फार गैसावत निवासी मदीना मस्जिद के पास मकराना ने पुलिस थाना में उपस्थित होकर आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। उन्होंने बताया की फेसबुक आईडी को हैक कर ठग उनके रिश्तेदारों व दोस्तों को मैसेज भेज कर रुपए की डिमांड कर रहे हैं। मैसेज मिलने के बाद उनके पास रिश्तेदारों के फोन आए और उन्होंने रुपयों की जरूरत के बारे में पूछा तब उन्हें फेसबुक आईडी हैक होने का पता चला। उन्होंने बताया कि इससे पहले हैकर्स ने उनके पुत्र सखावत अली की फेसबुक आईडी को हैक किया था। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# आचार्य महाश्रमण कन्या सुरक्षा सर्किल का उद्घाटन



अबूबकर बल्खी

**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज ) :** अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के निर्देशानुसार तेरापंथ महिला मंडल लाडनू कन्या सुरक्षा सर्किल ओर बेंच का उद्घाटन समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत कन्या मंडल द्वारा संयुक्त गीतिका के द्वारा हुई। तेरापंथ महिला मंडल लाडनू की अध्यक्ष प्रीति घोषल के द्वारा स्वागत भाषण में कहा कि लाडनूं महिला मंडल के मंत्री नीता नाहर के अथक प्रयास से और उत्तर पश्चिम रेलवे के सलाहकार अनिल खटेड़ के सहयोग से सुरक्षा सर्किल बन पाया। अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीलम सेठिया द्वारा भेजा गया संदेश का वाचन उपाध्यक्ष सुमन बैद ने किया। अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के प्रधान ट्रस्टी पुष्पा बैंगनी, तेरापंथ महासभा उपाध्यक्ष सुमन नाहटा ने अपने भावों की अभिव्यक्ति में लाडनू महिला मंडल को खूब-खूब बधाई दी और कहा कि लाडनूं महिला मंडल अध्यक्ष मंत्री और उनकी टीम ने लाडनूं महिला मंडल को ऊंचाइयों पर पहुंचाया है।

उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता श्रीमती मधु देवी बेगानी ने की। कन्या सुरक्षा सर्कल का उद्घाटन अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल प्रधान ट्रस्टी पुष्पा बेगानी के कर कमलों से हुआ। अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के कार्य समिति के सदस्य अमिता नाहटा, कन्या सुरक्षा सर्किल एवं बैंच की राष्ट्रीय संयोजिका माला कातरेला एवं राजेंद्र सिंह कमांडो की गरिमामय उपस्थिति रही। उन्होंने लाडनू महिला मंडल के कार्यों की सराहना की कन्या मंडल से प्रतिष्ठा कोठारी पार्षद रेणु कोचर ने कविता प्रस्तुत की। आगंतुकों का आभार महिला मंडल लाडनू के मंत्री नीता नाहर ने किया। उद्घाटन समारोह का सुपरविजन सामाजिक कार्यकर्ता अनिल चौरड़िया ने किया।

# कुलरिया स्मृति रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता का हुआ समापन



अबूबकर बल्खी

**लाडनूँ ( नागौर डेली न्यूज ) :** स्व.हरी प्रसाद कुलरिया स्मृति तृतीय रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता का समापन समारोह हुआ, जिसमें विजेता जेसलान टीम रही और उप विजेता आसपुरा रही विजेता टीम को 11000 हजार रूपए मय ट्राफी देकर सम्मान किया एव उप विजेता टीम को 5100 रूपए मय ट्राफी देकर सम्मान किया। तृतीय टीम डीडवाना का भी सम्मान किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उप महानिदेशक बी.आर.ओ आशुसिंह राठौड़ लाछडी, विधायक प्रतिनिधि सुरजाराम भाकर, लाछड़ी सरपंच हरेंद्र गढ़वाल, कामरेड भागीरथ यादव सरपंच सुदरासन, सरपंच ध्यावा नीरज चौधरी, सरपंच भिड़ासरी राजेन्द्र मंत्री, डॉक्टर कुलदीप महला सीएचसी नेछवा, कार्तिक चौधरी, व्याख्याता चंद्राराम मेहरा ग्रामीण उपस्थित रहे।

# मिर्धा रहे क्षेत्र के दौरे पर कायमखानी नगर में की जनसुनवाई



शौकत खान

डेगाना( नागौर डेली न्यूज)। किसान नेता व पूर्व विधायक रिछपाल सिंह मिर्धा डेगाना शहर के एकदिवसीय दौरे पर रहे। बुधवार रात्रि को मिर्धा ने डेगाना के कायमखानी नगर मे जनसुनवाई कर शहर के विकास कार्यो के बारे फीडबेक लिया। इस दौरान पूर्व विधायक रिछपाल सिंह मिर्धा, डेगाना नगर पालिका चेयरमैन मदन लाल अटवाल, शहर कांग्रेस अध्यक्ष गिरधारी मुंडेल, जिला महासचिव प्रकाश कुकणां, नगर पालिका उपाध्यक्ष हारून रशीद खान, कांग्रेस मीडिया प्रभारी इब्राहिम खान, शेरू खान, रमजान खान, हाजी मजीद खोखर, हाकम अली खान, अशफाक खान, सवाई खान सहित मौजूद रहे।



# जय गुरुदेव संस्था का आध्यात्मिक जन जागरण कल

जुगल दायमा

**हरसौर( नागौर डेली न्यूज ) :** कस्बे के थाटा रोड़ स्थित हनुमान वाटिका में शनिवार को जय गुरुदेव धर्म प्रचारक संस्था मथुरा के तत्वावधान में आध्यात्मिक जन जागरण सभा का आयोजन प्रात: 11 बजे होगा। अध्यक्ष सवरू चौधरी ने बताया कि सभा में राष्ट्रीय अध्यक्ष जय गुरुदेव महाराज के उत्तराधिकारी पंकज महाराज प्रवचन देंगे। सभा में शाकाहारी भोजन करने एवं नशे से दूर रहने का संदेश प्रसारित किया जायेगा। ट्रस्ट के कार्यकर्ताओं द्वारा गाँव-ढाणियों में प्रचार प्रसार किया जा रहा है। इससे पहले पदाधिकारियों द्वारा मुख्य कार्यक्रम को लेकर पोस्टर विमोचन भी किया गया।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एंव संपादक सद्दाम द्वारा नेशनल प्रिंटर्स, लोहा मंडी, डीडवाना से मुद्रित तथा घाटी कुआँ, छीपा मोहल्ला, कुचामनसिटी, जिला नागौर (राज.) से प्रकाशित। मोबाइल नम्बर 7737211664 Email-nagaurdaily0@gmail.com